Induction Program for Newly Admitted Students inaugurated at ICFAI University – August 3, 2019

दैनिक भास्कर

रांची, शनिवार 03 अगस्त, 2019

इक्फाई में नए स्टूडेंट्स के लिए इंडक्शन प्रोग्राम

चरित्र निर्माण में पंचतंत्र की कहानियों की मदद ली जाएगी

सिटी रिपोर्टर | रांची

स्टूडेंट्स के करियर के साथ उनका चरित्र निर्माण हर एजुकेशनल इंस्टीट्यूट का पहला लक्ष्य होता है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इक्फाई यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स के चरित्र निर्माण के लिए पंचतंत्र की कहानियों की मदद लेने की योजना बनाई है। यहां के पाठयक्रम को 4.0 की तर्ज पर अपडेट किया गया है। ये बातें यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कही। शुक्रवार को यहां नए स्टूडेंट्स के लिए 2 हफ्ते का इंडक्शन प्रोग्राम शुरू हुआ। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के स्वामी श्रद्धानंद समारोह के अतिथि थे। कुलपति राव ने कहा कि यहां एजुकेशनल कोर्सों में उभरती हुई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉक चेन, बिजनेस एनालिटिक्स, फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी आदि को शामिल किया गया है। टेक्नोलॉजी इनेबल्ड लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम की शुरुआत भी की गई है। स्वामी श्रद्धानंद ने कहा, स्टूडेंट्स को प्रश्न पूछने और गंभीर रूप से सोचने के लिए टीचर्स प्रोत्साहित करें। ज्ञान प्राप्त करने के अलावा, छात्रों को व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। कुछ पुराने स्टूडेंट्स ने भी अपने अनुभव साझा किए।

इक्फाइ विवि. ओरिएंटेशन प्रोग्राम में स्वामी शारदानंद ने कहा

प्रश्न पूछने व सोचने के लिए स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करें

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

इक्फाइ विवि झारखंड के दलादली परिसर में शुक्रवार को नये सत्र के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन सह इंडक्शन कार्यक्रम हुआ. योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के स्वामी शारदानंद ने कहा कि शिक्षकों को छात्रों को प्रश्न पूछने और गंभीर रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि वे स्वयं सीख सकें. ज्ञान प्राप्त करने के अलावा छात्रों को व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए.

उन्होंने कहा कि छात्रों को यह जानना चाहिए कि अपने शरीर और मस्तिष्क को कैसे नियंत्रित किया जाये. साथ ही सीखने पर अपना ध्यान और ऊर्जा कैसे केंद्रित करें. स्वामी ने बच्चों को संवारने और उनमें अच्छी आदतों को अपनाने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों के माता-पिता को भी टिप्स भी दिये.

ओरिएंटेशन प्रोग्राम में शामिल स्वामी शारदानंद और विद्यार्थी.

पंचतंत्र की कहानियों का करेंगे उपयोग

इससे पूर्व कुलपति प्रो ओ आर एस राव ने कहा कि हम उन सभी छात्रों के करियर आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे विवि में शामिल हुए हैं. कुलपति ने बताया कि विवि में कई छात्रोपयोगी कोर्स शुरू किये गये हैं और इसे सरल बनाया गया है. कोर्स को दिलचस्प बनाने के लिए पंचतंत्र की कहानियों का उपयोग करने की योजना बनायी गयी है. विवि के कुछ पुराने छात्रों ने विवि में अपने अनुभव साझा किये. विवि के प्रभारी रजिस्ट्रार प्रो अरविंद कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्कूल के माहौल से विवि के वातावरण में उन्मुख करना है और उन्हें उनके भविष्य के बारे में सोचना भी है.

the pioneer

RANCHI | SATURDAY | AUGUST 3, 2019

INDUCTION PROGRAMME AT ICFAI

Today, Induction Programme for Newly Admitted Students was inaugurated at Daladali campus of ICFAI University, Jharkhand. Besides the students, a number of their parents and guardians attended the function. Swami Sharddhanandaji from Yogoda Satsanga Society of India was the guest of honour. Welcoming the students and parents, Prof O R S Rao, Vice-Chancellor of the University said, "We are committed to fulfill the career aspirations of the students that joined our University. In order to make our graduating students job-ready, we have updated our curriculum to Education 4.0, to be in line with Industry expectations. This involves inclusion of emerging technologies like Artificial Intelligence, Block Chain, Business Analytics, Financial Technologies etc in our curriculum, besides introducing technology enabled Learning Management Systems".

शनिवार, 03 अगस्त 2019

हिन्दुस्तान

21

संक्षेप

इक्फाई विवि में इंडक्शन कार्यक्रम हुआ

रांची। इक्फाई विवि के नए छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि विवि प्रबंधन का उद्देश्य स्नातक करने वाले छात्रों को चरित्र विकास के साथ नौकरी के लिए तैयार करना है। पाठ्यक्रम को अद्यतन किया गया है। इससे उभरती तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉक चेन आदि को शामिल करना है। मुख्य अतिथि योगदा मठ के स्वामी श्रद्धानंद महाराज ने कहा कि पढ़ाई के साथ व्यक्तित्व विकास भी जरूरी है। मौके पर रजिस्ट्रार प्रभारी प्रो अरविंद कुमार मौजूद थे।